दिनांक 13.10.2026 को अपरान्ह 12.30 से आयोजित जल जीवन मिशन योजना/ जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्तः–

दिनांक 13.10.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन/जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय, के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसके दौरान परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, जलापूर्ति, गुणवत्ता परीक्षण, सड़क पुनर्स्थापन, भूमि सम्बन्धी प्रकरणों तथा अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति निम्नवत रहीः–

1. श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा, जिला विकास अधिकारी
2. श्री जयपाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
3. श्री रवि कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता, जल निगम
4. श्री आनन्द कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम
5. श्री रवि कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम
6. श्री प्रवीन कुमार, स्थल प्रबन्धक, मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा लि0
7. श्री अनुराग शुक्ला, सी0बी0एण्ड0टी0
8. श्री आशीष कुमार गौड़ डी0पी0एम0यू0(डी0सी0)
9. श्री पी0गोविन्द, डी0पी0एम0/टी0पी0आई0

जनपद– गाजियाबाद।

जनपद में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कुल 128 परियोजनाओं पर स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास खण्डवार निम्न प्रकार हैः–

क0सं0	विकास खण्ड का नाम	परियोजनाओं की संख्या
1	भोजपुर	36
2	मुरादनगर	28
3	रजापुर	37
4	लोनी	27
योग		128



अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद में 147 ग्रामों को पेयजल से आच्छादित करने हेतु 128 नग पेयजल योजना स्वीकृत है, जिनमें से 70 पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करते हुए

उनका संचालन एवं रखरखाव कर 79 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अवशेष 58 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति पर है, जिसमें 32 पेयजल योजनाओं में सीधे नलकूप के माध्यम से 40 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है, योजनाओं के अवशेष कार्यो प्राथमिकता के आधार पर माह मार्च, 2027 तक पूर्ण करा दिये जाएगे। जिन ग्राम पंचायतों में परियोजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। उन पेयजल योजनाओं का नियमित अनुश्रवण कर जलापूर्ति कराई जा रहीं है। जिसकी टी0पी0आई0 एजेन्सी गाजियाबाद द्वारा नियमित रूप से जॉच भी की जा रही है। उक्त पेयजल योजनाओं की जॉच हेतु गठीत टीम द्वारा जॉच के समय पाई गयी कमीयों का तत्काल गुणवत्ता पूर्वक मरम्मत कराने हेतु टी0पी0आई0 गाजियाबाद को निर्देशित किया।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/टी0पी0आई0)

मैसर्स एल0सी0इन्फा0 लि0, अहमदाबाद के श्री प्रवीन कुमार, फिल्ड मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 128 नग नलकूपों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। 118 नग ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 7 नग ओवरहेड टैंक निर्माणाधीन हैं। 128 परियोजनाओं में से 70 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, एक माह में 6 योजनाओं को पूर्ण कर दिया जाएगा। उक्त के संदर्भ में समस्त पेयजल योजनाओं को दिसम्बर माह तक पूर्ण करने हेतु एवं हर–घर जल पेयजल येाजनाओं का तत्काल सर्टिफिकेशन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही–उप महाप्रबन्धक, मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा लि०/टी0पी0आई0)

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं टी0पी0आई0 गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि जॉच टीम द्वारा जॉच के दौरान पायी गयी कमीयों को मैसर्स एल0सी0एन्फ्रा से समन्वय स्थापित कर मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/टी0पी0आई0/एल0सी0इन्फ्रा

मैसर्स एल0सी0 इन्फा0 लि0, टी0पी0आई0 एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्य पूर्ण एवं रखरखाव एवं संचालन में गयी पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से क्लोरीन युक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आगामी बैठक में अद्यतन प्रगति पुस्तिका एवं आख्या सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(कुमार सौरभ)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।

पत्रांक / / / दिनांक 13.10.2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद।
4. सभी सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी/कर्मचारी/संस्था के प्रतिनिधि को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

06/11/26

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।